दिनांक : 09.06.2024 समय : 07.10pm

आकाशवाणी, भोपाल

सांध्यकालीन समाचार

मुख्य समाचार :—

- मनोनीत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी षाम सवा सात बजे प्रधानमंत्री पद की तीसरी बार लेंगे षपथ।
- प्रदेष में जल गंगा संवर्धन अभियान के कार्यक्रम जारी। मुख्यमंत्री ने नेमावर में लिया हिस्सा।
- प्रदेष में 40 जिलों के लिये बारिष का अलर्ट। कुछ हिस्सों में गर्मी का असर रहेगा जारी।
- विष्व कप टी—20 क्रिकेट में रात आठ बजे से भारत—पाकिस्तान के बीच मुकाबला।

............

शपथ ग्रहण

भाजपा के वरिष्ठ नेता और मनोनीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज शाम 7 बजकर 15 मिनट पर लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ग्रहण करेंगे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु राष्ट्रपति भवन में नए मंत्रिपरिषद को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाएंगी। शपथ समारोह के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए है। श्री मोदी ने शुक्रवार को राष्ट्रपति से मुलाकात की थी और नई सरकार के गठन का दावा पेश किया था। आज के समारोह के साक्षी बनने के लिए पड़ोसी देशों और हिन्द प्रशांत क्षेत्रों के नेताओं को भी आमंत्रित किया गया है। श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे, सेशल्स के उपराष्ट्रपति अहमद अफीफ, बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना, मॉरिशस के प्रधानमंत्री प्रविंद कुमार जुगनाथ, नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड और भूटान के प्रधानमंत्री त्शेरिंग तोबगे समारोह में शामिल होंगे।

आकाशवाणी—शपथ ग्रहण समारोह

राष्ट्रपति भवन में आज होने वाले शपथ ग्रहण समारोह का सीधा प्रसारण आकाशवाणी से शाम छह बजकर 45 मिनट से किया जाएगा। यह प्रसारण दिल्ली के एफएम गोल्ड, इंद्रप्रस्थ और आकाशवाणी लाइव न्यूज चैनल और आकाशवाणी के यू—टयूब चैनल पर सुना जा सकता है। इस समारोह का पहली बार क्षेत्रीय भाषाओं में भी आकाशवाणी के अहमदाबाद, बेंगलूरू, चेन्नई, कटक, गुवाहाटी, हैदराबाद, इम्फाल, कोलकाता, मुम्बई और तिरूवनंतपुरम केंद्रों से प्रसारण किया जायेगा। इन राज्यों में आकाशवाणी के सभी प्रमुख चैनल और स्थानीय रेडियो स्टेशन भी इस कार्यक्रम को प्रसारित करेंगे।

मुख्यमंत्री— अभियान

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज देवास जिले के नेमावर में ”जल—गंगा संवर्धन अभियान” में कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने नर्मदा नदी पर पूजा—अर्चना करने के पश्चात घाट पर साफ—सफाई की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यहां के ऐतिहासिक सिद्धेश्वर महादेव मंदिर का जीर्णोद्धार किया जाएगा। विधायक आशीष गोविंद शर्मा ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। इस अवसर पर महंत श्री राम स्वरूप शास्त्री जी महाराज, सहित

जनप्रतिनिधिगण व बड़ी संख्या क्षेत्रवासी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि देवास जिले में लगभग 05 करोड़ 65 लाख रुपए की राशि से लगभग 3078 जल संरचनाओं के जीर्णोद्वार के कार्य किए जा रहे हैं। जिले में रूफ हॉर्वेस्टिंग सिस्टम से लगभग 250 स्थानों पर बारिश के पानी के संग्रहण के लिए कार्य किया जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने विधायक आशीष शर्मा की मांग पर ग्राम तुरनाल में हंडिया बैराज डेम बनने से डूब क्षेत्र में आने वाले पांच लड्डू मन्दिर स्थल के संरक्षण के लिए आश्वस्त करते हुए कहा कि मन्दिर स्थल को विकसित कर अद्भूत बनाया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में गौशालाओं को विकसित करने के लिए भी राशि दी जाएगी। इसके बाद मुख्यमंत्री शाजापुर जिले के शुजालपुर में आयोजित 'वीर शिरोमणी महाराणा प्रताप जयंती कार्यक्रम' में भी शामिल हुए।

जल गंगा संवर्धन अभियान–प्रदेष

प्रदेश में जल गंगा संवर्धन की सफलता के लिए और इसमें जन भागीदारी को सुनिश्चित करने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। निवाड़ी जिले में कलेक्टर और अनुविभागीय अधिकारी द्वारा सकेरा भण्डारन में तालाब गहरीकरण तथा जयोरामोरा में नए तालाब के निर्माण संबंधी कार्यों का निरिक्षण किया गया। शहडोल जिले में पानी सहेजने के लिए गांव व कस्बों में अभियान के तहत जल संरचनाओं के जीर्णोद्धार व पुनर्जीवन का काम चल रहा है। ब्योहारी के ग्राम पंचायत कुआं में जल स्त्रोतों की साफ–सफाई के साथ गहरीकरण का काम किया जा रहा है। तेंदुआ गांव में तालाब के गहरीकरण का काम चल रहा है। कोटमा गांव में नवीन तालाब के जीर्णोद्धार का काम चल रहा है। अशोक नगर में जिला कलेक्टर ने बताया कि अभियान के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में 1018 कार्य प्रगतिशील है। जिसके अंतर्गत 943 कार्य 16 जून तक पूर्ण कर लिये जायेगें। अभियान के अंतर्गत जिले में 347 नवीन कार्य प्रारंभ किये गये है। जिससे जल संरचनाओं में अधिक से अधिक जल संरक्षण किया जा सके। इसी तरह मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्था नीमच द्वारा नीलकंठ महादेव बोरखेड़ी नदी में स्वच्छता श्रमदान किया गया। साथ ही जल गंगा संवर्धन अभियान में जल संरक्षण संगोष्ठी भी की गई। पन्ना जिले में दहलान चौकी स्थित प्राचीन तालाब के जीर्णोद्धार का कार्य किया जा रहा है। अभियान में 1200 कार्यों का चिन्हांकन किया गया है।

नए कानून

देशभर में 01 जुलाई, 2024 से प्रभावी होने वाले तीन नए आपराधिक कानून लागू होने जा रहे हैं। इसके संबंध में आमजन और पुलिस प्रशासन को जानकारी देने का काम भी निरंतर जारी है। प्रदेश में भी इस संबंध में लगातार प्रशिक्षण, बैठकों और अन्य माध्यमों से कानून के बारे में पुलिस विभाग के हर अंग को प्रशिक्षित किया जा रहा है। छतरपुर जिले में भी प्रशिक्षण का दौर जारी है। इस बारे में छतरपुर जिले के पुलिस अधीक्षक अगम जैन ने आकाशवाणी को जानकारी दी।

मौसम

प्रदेश में तेज गर्मी के बीच अब आंधी और बारिश का दौर शुरू हो गया है। मौसम विभाग ने डिंडोरी, छिंदवाड़ा, सिवनी, मंडला, बालाघाट, पांढूर्ना सहित 10 जिलों के लिये बारिष का ओरेंज अलट जारी किया है। इसके साथ ही 30 जिलों के लिये कहीं–कहीं हल्की बारिष का येलो अलर्ट भी जारी किया है। उधर, निवाड़ी, दतिया में गर्मी का असर

बना रहेगा। प्रदेष में सर्वाधिक तापमान छतरपुर के बिजावर में 44 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार मॉनसून अरब सागर के बचे हुए हिस्सों और महाराष्ट्र के कुछ और हिस्सो में आगे बढ़ गया है। 12 जून के बाद मॉनसून प्रदेष में प्रवेष कर सकता है।

क्रिकेट विष्वकप

आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप क्रिकेट में आज भारत और पाकिस्तान के बीच मुकाबला होगा। मैच न्यूयॉर्क के नासाउ काउंटी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में रात 8:00 बजे शुरू होगा। प्रतियोगिता में भारत अपना पहला मैच आयरलैंड से जीत चुका है। वहीं पाकिस्तान को पहले मैच में अमेरिका से हार का सामना करना पड़ा। विष्वकप के एक अन्य मैच में आज वेस्टइंडीज ने यूगांडा को 134 रनों से हरा दिया। प्रतियोगिता में ओमान और स्काटलैंड के बीच मुकाबला आज रात साढ़े दस बजे से खेला जाएगा।

समाचार संक्षेप में .....

- मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग आज "सहायक प्राध्यापक परीक्षा–2022" का आयोजन किया। परीक्षा के माध्यम से प्रदेश सरकार आठ विषयों के 826 पदों पर सहायक प्राध्यापकों की भर्ती की जा रही है।
- नर्मदापुरम केन्द्रीय जेल में मांसपेशी दर्द, हड्डी आदि रोगों से पीड़ित बंदियो के लिए फिजियोथेरेपी तथा रिहेबिलिटेशन शिविर का आयोजन किया गया।
- जबलपुर हाई कोर्ट में नीट यूजी परीक्षा परिणाम को चुनौती दी गई है। दायर याचिका में कहा गया है कि एक कोचिंग सेंटर के आठ छात्रों के अंक, नाम और रोल नम्बर एक सामान है।
- धार भोजशाला के सर्वे के 80 वें दिन में आज एएसआई टीम को 79 अवशेष प्राप्त हुए हैं। 50 अवशेष एक कमरे से प्राप्त हुए हुवे है जिस पर ताला लगा हुआ था और वह एएसआई के आधिपत्य में था।
- शिवपुरी जिले में कृषि विभाग के अधिकारियों ने किसानों को डीएपी के स्थान पर एनपीके का उपयोग करने की अपील की है। एनपीके में नाईट्रोजन, फास्फोरस, एवं पोटास तीनों पोषक तत्व होते है जो पौधों की वृद्धि के लिए लाभदायक है।
- सीहोर के आष्टा ब्लाक के मुगली गांव में डेंगू फैलने के बाद स्वास्थ्य विभाग ने घर–घर पहुंचकर जांच करना शुरु कर दिया है। साथ ही यहां पर स्वास्थ्य शिविर भी आयोजित किया गया।

....................................

(1) मुख्यमंत्री- अभियान

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज देवास जिले के नेमावर में "जल-गंगा संवर्धन अभियान" में कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने नर्मदा नदी पर पूजा-अर्चना करने के पश्चात घाट पर साफ-सफाई की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यहां के ऐतिहासिक सिद्धेश्वर महादेव मंदिर का जीर्णोद्धार किया जाएगा। विधायक आशीष गोविंद शर्मा ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया।

इस अवसर पर महंत श्री राम स्वरूप शास्त्री जी महाराज, सहित जनप्रतिनिधिगण व बड़ी संख्या क्षेत्रवासी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि देवास जिले में लगभग 05 करोड़ 65 लाख रुपए की राशि से लगभग 3078 जल संरचनाओं के जीर्णोद्वार के कार्य किए जा रहे हैं। जिले में रूफ हॉर्वेस्टिंग सिस्टम से लगभग 250 स्थानों पर बारिश के पानी के संग्रहण के लिए कार्य किया जा रहे हैं। मुख्यमंत्री  ने विधायक आशीष शर्मा की मांग पर ग्राम तुरनाल में हंडिया बैराज डेम बनने से डूब क्षेत्र में आने वाले पांच लड्डू मन्दिर स्थल के संरक्षण के लिए आश्वस्त करते हुए कहा कि मन्दिर स्थल को विकसित कर अद्भूत बनाया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में गौशालाओं को विकसित करने के लिए भी राशि दी जाएगी। इसके बाद मुख्यमंत्री शाजापुर जिले के शुजालपुर में आयोजित 'वीर शिरोमणी महाराणा प्रताप जयंती कार्यक्रम' में भी शामिल हुए।

(2) जल गंगा संवर्धन अभियान-प्रदेश

प्रदेश में जल गंगा संवर्धन की सफलता के लिए और इसमें जन भागीदारी को सुनिश्चित करने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। निवाड़ी जिले में कलेक्टर और अनुविभागीय अधिकारी द्वारा सकेरा भण्डारन में तालाब गहरीकरण तथा जयोरामोरा में नए तालाब के निर्माण संबंधी कार्यों का निरिक्षण किया गया। शहडोल जिले में पानी सहेजने के लिए गांव व कस्बों में अभियान के तहत जल संरचनाओं के जीर्णोद्धार व पुनर्जीवन का काम चल रहा है। ब्योहारी के ग्राम पंचायत कुआं में जल स्त्रोतों की साफ-सफाई के साथ गहरीकरण का काम किया जा रहा है। तेंदुआ गांव में तालाब के गहरीकरण का काम चल रहा है। कोटमा गांव में नवीन तालाब के जीर्णोद्धार का काम चल रहा है। अशोक नगर में जिला कलेक्टर ने बताया कि अभियान के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में 1018 कार्य प्रगतिशील है। जिसके अंतर्गत 943 कार्य 16 जून तक पूर्ण कर लिये जायेगें। अभियान के अंतर्गत जिले में 347 नवीन कार्य प्रारंभ किये गये है। जिससे जल संरचनाओं में अधिक से अधिक जल संरक्षण किया जा सके। इसी तरह मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्था नीमच द्वारा नीलकंठ महादेव बोरखेड़ी नदी में स्वच्छता श्रमदान किया गया। साथ ही जल गंगा संवर्धन अभियान में जल संरक्षण संगोष्ठी भी की गई। पन्ना जिले में दहलान चौकी स्थित प्राचीन तालाब के जीर्णोद्धार का कार्य किया जा रहा है। अभियान में 1200 कार्यों का चिन्हांकन किया गया है।